IMA AKN SINHA INSTITUTE (HQs.)

OF CONTINUING MEDICAL &HEALTH EDUCATION AND RESEARCH

IMA Building, Dr. A.K.N. Sinha Path, South East Gandhi Maidan, Patna- 800 004

Telephone No.: 07808320539, Email: aknsi01 @ yahoo.com

Website : www.imaaknsi.org

Dr. Sahajanand Pd. Singh	**Dr. Jayesh M. Lele**	**Dr. Pankaj Mutneja**	**Dr. Harihar Dikshit**
National President	**Hony. Secretary General**	**Hony. Director**	**Hony. Executive Secretary**

Join Basic Emergency Life Saving Skills Certificate Course

प्रिय बंधुओं,

आई. एम. ए. ए. के. एन. सिन्हा इंस्टीच्यूट, पटना राष्ट्रीय आई. एम. ए. नई दिल्ली की एक इकाई है जो पटना में स्थित है। इसके द्वारा बुनियादी आकस्मिक जीवन सुरक्षा कौशल (बी. इ. एल. एस. एस.) ट्रेनिंग की शुरूआत स्वास्थ्य क्षेत्र की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण आवश्यकता को पुरा करने का एक प्रयास है।

कई परिस्थितियों यथा ह्रदयघात, डूबने, एक्सिडेंट आदि में किसी व्यक्ति के अचानक ह्रदयगति या स्वाश रूक जाता है। वह व्यक्ति क्लीनिकली मृत हो जाता है लेकिन ऐसी स्थिति में ब्रेन डेड होने में 4-8 मिनट का समय लगता है। इस अवधि में तुरंत कारवाई करने से उसके स्वाश नली, स्वाश प्रक्रिया एवं ह्रदयतगति को पुनः स्थापित किया जा सकता है, जिसे सी. पी. आर. कहा जाता है। सी. पी. आर. बुनियादी आकस्मिक जीवन सुरक्षा कौशल का हिस्सा है। इस प्रक्रिया के साथ ऐसे पीड़ितों को अस्पताल तक पहुँचने से लगभग 40 प्रतिशत की जान बचाई जा सकती है।

बी. इ. एल. एस. एस. के लिए चिकित्सक होना जरूरी नही है, लेकिन हर चिकित्सक को इसका प्रशिक्षण आवश्यक है। चिकित्सकों को ऐडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण (यह प्रशिक्षण भी शुरू किया जा रहा है) के पूर्व बी. एल. एस. का प्रमाण पत्र आवश्यक है। कोई भी समझदार व्यक्ति कुछ घंटों की ट्रेनिंग के बाद इस प्रशिक्षण से सक्षम हो सकता है। दुनिया के अधिकांश देशों में मेडिकल प्रोफेशनल्स एसोशिएसन ऐसी ट्रेनिंग दे रहे हैं। वहाँ एम्बुलेंस वर्कर्स, हॉस्पिटल स्टाफ, पुलिस को नियमित तौर से यह ट्रेनिंग दी जाती है। अपने देश में यह अभी काफी कम है। विभिन्न एसोशिएसन एवं सरकार को इसके लिए सहयोग करना होगा। आई. एम. ए. ए. के. एन. सिन्हा इंस्टीच्यूट द्वारा अभी राज्य स्वास्थ्य समिति के साथ जुड़े 2000 एम्बुलेंस कर्मियों को यह ट्रेनिंग दिया जा रहा है। आप सभी बंधुओं से भी निवेदन है कि आप अकेले अथवा ग्रुप में यह प्रशिक्षण लें।

यह प्रशिक्षण हमें घर, अस्पताल और समाज दोनों के लिये ज्यादा उपयोगी बनाएगा। प्रशिक्षण 3-4 घंटे का है। वर्त्तमान में प्रशिक्षण आई. एम. ए. भवन, पटना में नियमित तौर से हो रहा है। किसी संगठन/ अस्पताल पचास से ज्यादा प्रशिक्षणार्थीयों की सूची एवं फीस जमा करने पर उनके द्वारा तय किये गये स्थान पर भी प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है।

कृपाकर प्रशिक्षण हेतू नाम, सहमति, पता एवं मोबाईल नंबर के साथ आई. एम. ए. ए. के. एन. सिन्हा इंस्टीच्यूट, आई. एम. ए. बिल्डींग, पटना - 800004, फोन नं0- 07808320539 पर सम्पर्क करें।

एक दिवसीय प्रशिक्षण, प्रशिक्षण शुल्क : रूपये 1000/-, पात्रता - कोई भी व्यक्ति (चिकित्सक, पारा मेडिकलस सहित)

निवेदक :

डा. हरिहर दीक्षित

अवैतनिक कार्यपालक सचिव

आई. एम. ए. ए. के. एन. सिन्हा इंस्टीच्यूट, पटना।